हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 23 जून 2024

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

EXPERT COACHING CLASSES
NEET/JEE/FOUNDATION
8th 9th 10th 11th 12th (ICSE/CBSE/CG Board)
ECC EXPERT COACHING CLASSES Learn From The Best.
NEET DROPPER & REPEATER
BATCH START FROM 1/JULY/2024
Bal Bharti Public School Campus, Baldev Bagh, Rajnandgaon Cont. - 76111-66661 / 96448-96441

# सेवा में डूबी गंडई नगरी...हजारों श्रद्धालुओं को भोजन उपलब्ध कराने का उठाया जिम्मा, नाश्ते से लेकर चाय-पानी के लगाए निशुल्क स्टॉल

विनोद नामदेव ⏭ गंडई

गंडई में आयोजित शिव महापुराण कथा को सुनने के लिए सैकड़ों किलोमीटर दूर से भी श्रद्धालु पहुंच रहें है। सैकड़ों-हजारों श्रद्धालु ऐसे भी है जो पंडाल में ही अपनी रात गुजार रहें है। ऐसे में दूर दराज से आने वाले भक्तों को भोजन की व्यवस्था कराने का जिम्मा गंडई नगरी के सेवाभावी लोगों ने उठा लिया है।

सुबह नाश्ते से शुरु होने वाले इस दौर में रात के नौ बजे तक भोजन भक्तों को कराया जा रहा है। खास बात यह है कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों का पेट भरने के लिए पांच सौ से अधिक सेवादल के सदस्यों ने दिन-रात एक कर दिया है। इसके अलावा गंडई शहर के व्यापारी और समाजसेवी लोग भी लगातार इस अभियान को सफल बनाने के लिए अपना अहम योगदान दे रहे है।

## रोजाना 50 हजार से अधिक लोगों को भोजन करा रहे, हर स्तर पर सेवा के लिए आगे आए गंडईवासी

### सुबह नाश्ता, दोपहर-शाम को भोजन

गंडई में आने वाले लाखो शिव भक्तों के लिए निशुल्क भोजन की व्यवस्था शिव महापुराण समिति के द्वारा की गई है। समिति सुबह से शाम तक भक्तों को निशुल्क भोजन करा रही है। हर दिन सुबह 6 बजे पोहा का नाश्ता भी वितरण कर रहे है। इसके लिए 500 सौ से ज्यादा सेवादल के सेवक भोजन पंडाल प्रमुख सुधांशु यादव के साथ काम कर रहे है।

**व्यक्ति विशेष कर रहे सेवा** : गंडई के अन्य सेवाभावी लोग भी भोजन उपलब्ध कराने के लिए सामने आए है। स्टांप वेंडर सुरेश राजपूत जो शिवभक्तों को पोहा और चाय वितरण कर रहे है। ऐसे ही सहसपुर लोहारा के टीकम सोनी हर दिन 1 क्विंटल चावल और 1 क्विंटल का सब्जी बनवाकर शिव शक्ति प्रदान कर रहे है। लक्ष्मी ज्वेलर्स संचालक मदन सोनी द्वारा हर दिन डेड क्विंटल से अधिक का पोहा बनवाकर वितरण किया जा रहा है।



### शिव भक्तों कर रहे सेवा

अग्रवाल समाज द्वारा शिवमहापुराण कथा के लिए नगर में लाइटिंग व्यवस्था किया गया है। इसके अलावा गंडई अग्रवाल समाज द्वारा शिवभक्तों को हर दिन पोहा एवम खिचड़ी वितरण किया जा रहा है। खास बात ये है कि गंडई नगर के समस्त अग्रवाल समाज के हर घर की महिलाएं हर दिन भोजन स्वयं पकाती है पुरुष भोजन का वितरण करते है।

### भोजन का समय तय

हर दिन सुबह 06 बजे 2 क्विंटल पोहा वितरण किया जाता है। सुबह साढ़े आठ बजे से भोजन वितरण किया जाता है, जो 1 बजे तक चलता है। ऐसे ही कथा समाप्त होने के बाद अर्थात 5 बजे से पुनः भोजन परोसा जाता है जो रात 9 बजे तक चलता है। अव्यवस्था से बचने के लिए बॉस बल्ली लगाकर शिव भक्तों को क्रमवार भोजन परोसा जा रहा है।

---

रेत कांड खुलासे के बाद 59 हाईवा की रायल्टी के तौर पर जमा कराया डेढ़ लाख रूपए

# हटाने के आदेश पर बेच दी रेत, सप्लायर से प्रति हाईवा वसूला सिर्फ 2000 रुपए!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुड़पार में करीब सात सौ हाईवा डंप रेत की जब्ती के बाद बिना नीलामी के ही उसे बेचे जाने के मामले के पर्दाफाश होने के बाद आरोपों से घिरे एसडीएम उमेश पटेल ने अब मामले को रफा दफा करने की कोशिशें शुरू कर दी है। सात सौ हाईवा डंप रेत को बेचने वाले सप्लायर ने खनिज विभाग के पास 21 जून को सिर्फ 59 हाईवा की रायल्टी के तौर पर एक लाख 59 हजार रुपए चालान के जरिए जमा कराया है। एसडीएम ने अपने आदेश में सप्लायर को डंप रेत को हटाने आदेश दिया था लेकिन बिना किसी नीलामी के ही इसे महज दो हजार रूपए प्रति हाईवा की दर पर बेच दिया गया।

डोंगरगढ़ एसडीएम उमेश पटेल ने पिछले 1 जून को मुड़पार सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों द्वारा पीएम आवास के लिए रखी गई करीब सात सौ हाईवा रेत को जब्त किया था। खनिज अधिनियम की बजाए शांतिभंग होने की धारा में की गई हजारों घन मीटर रेत की जब्ती के बाद इसे खनिज विभाग के सुपुर्द किया जाना था लेकिन बिना नीलामी प्रक्रिया के ही इसे चेहते सप्लायर को दे दिया गया। कांग्रेस की शिकायत पर प्रशासन द्वारा जांच के आदेश जारी किए जाने के बाद अब एसडीएम ने खनिज विभाग को पत्र लिखकर 59 हाईवा रेत की जब्ती की जानकारी देते हुए निर्धारण करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने रायल्टी से 25 फीसदी अधिक दाम पर रेत को सप्लायर को दिए जाने की जानकारी भी खनिज महकमे को दी है। सूत्रों ने बताया कि निर्धारण की प्रक्रिया के बाद 21 जून को सप्लायर ने खनिज विभाग के पास एक लाख 59 हजार रुपए चालान के जरिए जमा कर दिए है। बताया जाता है कि एक हाईवा रेत की कीमत सिर्फ दो हजार रुपए वसूल की गई है। सात सौ हाईवा रेत का परिवहन किए जाने के बाद सिर्फ 59 हाईवा की राशि जमा कराई गयी है।

### एसडीएम की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल



पीएम आवास बनाने ग्रामीणों ने डंप की थी रेत, एसडीएम के आदेश पर उठे सवाल

खनिज अधिनियम की बजाए शांतिभंग की धारा में कर दी सैकड़ों हाईवा रेत की जब्ती

**दिन रात चला परिवहन** : ग्रामीणों ने बताया कि मुड़पार, पारागांव तथा जामरी गांव में डंप की गई रेत का परिवहन करीब पांच दिन तक दिन के साथ रातभर चला। मुड़पार में तैनात किए गए कोटवार ने एक ही दिन में 47 हाईवा रेत के उठाव की एंट्री की थी। यहां हजारों घनमीटर रेत डंप कर रखी गई थी फिर भी सप्लायर ने सिर्फ 59 हाईवा की रॉयल्टी जमा की है। इसको लेकर शिकायत शुरू हो गयी है।

### धन्य है सांय-सांय सरकार

पहले सैकड़ों ट्रक रेत को अवैध पाया गया। एसडीएम के आदेश पर जब्त कर लिया गया। फिर सारी रेत गायब हो गयी, आश्चर्य की बात है। ग्रामीणों का आरोप है कि उसी अधिकारी ने बेच दी। खनिज विभाग को पता ही नहीं। धन्य है सांय सांय सरकार। - **भूपेश बघेल,** पूर्व मुख्यमंत्री

### कठोर कार्रवाही होगी

कलेक्टर ने जांच के आदेश जारी कर दिए है। जांच में जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ सरकार द्वारा कठोर कार्रवाही की जाएगी। सरकार ने पहले ही कह दिया है कि जो भी अधिकारी इस तरह से काम करेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाही की जाएगी।-**डा. रमन सिंह,** अध्यक्ष, विधानसभा

### बाजार में 25 हजार में बिक रही रेत

बिना नीलामी के ही सप्लायर को महज दो हजार रुपए में प्रति हाईवा रेत देने से शासन को अच्छा खासा राजस्व नुकसान हो गया है। बाजार में 25 हजार रुपए प्रति हाईवा में रेत बिक रही है। जानकारों की मानें तो यदि प्रशासन द्वारा नीलामी प्रक्रिया के तहत रेत दी जाती तो प्रति हाईवा आठ से नौ हजार रुपए तक का राजस्व मिल जाता।

---

# मानसून की दस्तक के बाद 50 मिमी बारिश, कोटे से 25% दूर

- आज से आषाढ़ की शुरुआत, तीन सालों में भादो में सर्वाधिक वर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



तय समय पर बस्तर के सुकमा पहुंचने के बाद मानसून करीबन सात दिन अटका रहा। यहीं कारण था कि अंचल में भी यह देरी के साथ आया, मानसून के नहीं पहुंचने से जिले में अल्प वर्षा की स्थिति बनी हुई थी।

हालांकि अब इसमें सुधार होता नजर आ रहा है, पिछले तीन दिनो में ही अंचल में 50 मिमी से अधिक बारिश दर्ज कर ली गई है। इससे कुल बारिश का आंकड़ा 65 मिमी के करीब पहुंच गया है, यह अब भी सामान्य से 25 फीसदी दूर है। इधर आज से आषाढ़ महीने की शुरुआत होने जा रही है, संभावना है कि इस बार आषाढ़ में सामान्य से बेहतर बारिश देखने को मिलेगी। पिछले साल भी आषाढ़ में अच्छी शुरुआत के बाद मानसून बीच में भटक गया था। जिसके चलते जुलाई महिने में सामान्य से काफी कम बारिश देखने को मिली थी। हालांकि पिछले तीन-चार सालों से भादो में जमकर वर्षा होने से आंकड़े में सुधार हो जाता है।

### शुरू हो गई बोनी, 10% ने की

मिली जानकारी के अनुसार मानसून की दस्तक के साथ ही अंचल में किसानों ने भी खरीफ सीजन को लेकर बोनी का कार्य प्रारंभ कर दिया है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार लगभग 10 फीसदी किसानों ने बोनी कर ली है। वहीं इतने ही किसानों ने बोनी की तैयारी कर रखी है, अगले 4 से 5 दिनों में बेहतर बारिश के बाद यह आंकड़े तेजी से बढ़ते नजर आएंगे। उल्लेखनीय है कि इस साल जिले में रिकार्ड रकबे में धान की खेती हो रही है।

### तीन दिनो में 35 फीसदी सुधार

जिले में बारिश का आंकड़ा महज तीन दिनो के भीतर ही लगभग 35% सुधर गया है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार जिले में एक जून से 18 जून तक कुल 19.1 मिमी बारिश दर्ज की गई थी, इस अवधि में 51.8 मिमी बारिश सामान्य रूप से होनी थी। ऐसे में इस अवधि तक महज 41 % ही बारिश दर्ज की गई थी। हालांकि इसके बाद आंकड़े सुधरे और 21 जून तक जिले में कुल 61.8 मिमी बारिश दर्ज की गई, यह सामान्य का 75% है।

---

## उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन 25 को

**राजनांदगांव।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के तहत जिले के 407 ग्राम पंचायतों को दिसंबर 2024 तक ओडीएफ प्लस बनाए जाने का लक्ष्य लेकर कार्य किया जा रहा है। ओडीएफ प्लस मॉडल का क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन 25 जून को दोपहर 1 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया है।

RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION BHILAI-CHHATTISGARH R1
AICTE APPROVED
BBA & BCA
1ST TIME IN CHHATTISGARH
• World Class Education
• Internship In Top MNCs
• Top Industrial Tie-ups
OUR MAJOR RECRUITERS :-
accenture
cognizant
DBS
HCL
Deepak Advts.
90161 13333

## नींद में सो रहे व्यक्ति पर लगाई आग, हत्या का आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घर में सो रहे व्यक्ति पर पेट्रोल डाल कर आग लगा देने से उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। इस मामले की जांच करते हुए पुलिस ने पाया कि अवैध संबंध के शक के चलते उक्त घटना घटित हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत11-12 जून की दरम्यानी रात ग्राम कन्हारपुरी निवासी अशोक कुमार लेझारे जब सो रहा था तब अज्ञात आरोपी ने उस पर पेट्रोल डाल कर आग लगा दिया था। जिसे गंभीर अवस्था में चिकित्सालय ले जाया गया जहां उपचार के दौरान गत दिनों उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया था। आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था। जिसके विवेचना क्रम मे शेष कुमार उईके, उम्र 53, पता- ग्राम चांदो को थाना लाकर पुछताछ किया। जिसने पुलिस को बताया कि कुछ वर्षो से अशोक कुमार लेंझारे उम्र- 48 साल, ग्राम कन्हारपुरी का उसकी पत्नि के साथ अवैध संबंध शक था, अशोक लेंझारे को बार बार समझाने पर उल्टा अशोक के द्वारा आरोपी शेषलाल के घर ग्राम चांदो मे जाकर उनके परिवार को जान से मारने की धमकी देता था।

### पूर्व से हत्या की योजना बना रहा था

आरोपी परेशान होकर एक डेढ़ वर्ष पूर्व से अशोक कुमार लेंझारे की हत्या करने की योजना बना रहा था। घटना को अंजाम देने हेतु वह 11 एवं 12 जून को चुना और दरम्यानी रात्रि करीबन 2 बजे अपने घर ग्राम चांदो से अपने साथ एक एल्युमिनियम के टीफिन डब्बा में पेट्रोल भरकर, एक नग टंगिया, एक लकड़ी के डंडा मे कपड़ा लपेटकर, एक नग लाईटर व एक छड़ का नुकीला हथियार बनाकर अशोक लेंझारे के घर ग्राम कन्हारपुरी के पास पहुंचा। जहां करीबन 3 बजे अशोक लेंझारे की घर का दरवाजा खुला हुआ था। कमरे में अशोक एवं उनका पत्नि सो रहे थे, आरोपी ने अशोक लेंझारे के ऊपर आरोपी ने पेट्रोल डाला जिसमे से कुछ पेट्रोल आरोपी के हाथ व पैर पर भी गिर गया। अशोक एवं अशोक के पत्नि के साथ हाथा पाई हुआ, आरोपी ने मसाल पर अपने पास रखे लाईटर से आग लगाकर अशोक के ऊपर आग लगा दिया। आग लगने से आरोपी के हाथ व पैर मे भी जला गया है। अशोक की मृत्यु आरोपी के द्वारा आग लगाने से जलकर हुई है। आरोपी के द्वारा जुर्म स्वीकार करते हुये मेमोरण्डम के आधार पर अपने घर में छुपाकर रखे साक्ष्य सबूत को बरामद कराया। पुलिस ने आरोपी को 22जून को गिरफ्तार कर कार्यवाही की है।

## शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग से किया कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार

**प्रार्थी ने छुरिया थाने में दर्ज कराई थी शिकायत**



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

एक नाबालिग को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले जाने एवं शादी का प्रलोभन देकर कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार छुरिया थाना में प्रार्थी ने 21 जून को रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिग भतीजी घर से बिना बताए कहीं चली गई। जो घर वापस नहीं आयी है शंका है कि कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है । रिपोर्ट पर धारा 363 भादवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया था।

### महाराष्ट्र में की पतासाजी

पुलिस के अनुसार विवेचना क्रम में 2.जून को साइबर सेल से तकनीकी जानकारी प्राप्त कर अपहृता के महाराष्ट्र क्षेत्र में होने की सूचना पर अपहृता की बरामदगी हेतु पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश एवं मार्गदर्शन में थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास के नेतृत्व में पुलिस टीम रवाना होकर पकोरची महाराष्ट्र पहुंचकर पतासाजी किया गया। इस दौरान अपहृता आरोपी राजू भेंडी पिता जमनाराम भेडी उम्र 20 साल साकिन कोचीनारा थाना कोरची जिला गढ़चिरौली (महाराष्ट्र) के साथ मिली जिसे पूछताछ कर अपहृता को गवाहों के समक्ष आरोपी राजू भेडी से बरामद कर बरामदगी पंचनामा तैयार किया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई, पूछताछ पर कबूला जुर्म

अपहृता को थाना छुरिया लाया गया अपहृता की महिला पुलिस अधिकारी से धारा 161 जाफौ के अन्तर्गत कथन कराया गया, जिस पर अपहृता के कथनानुसार प्रकरण में धारा 366, 376, 376(2) (ढ) भादवि, 6 पॉक्सो एक्ट जोड़ी गई है। आरोपी राजू भेडी पिता जमनुराम भेडी उम्र 20 साल से पुछताछ की गई जिस पर आरोपी द्वारा जुर्म करना स्वीकार करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही की है।

## हज यात्रा में ले जाने के नाम पर लाखों की ठगी

**राजनांदगांव।** हज यात्रा में ले जाने के नाम पर आरोपी ने प्रार्थी से लाखों रूपये की ठगी कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुंलिस ने मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी मो इकबाल खान 65 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 1 फरवरी से 4 जून के मध्य इमरान शेख 32 वर्ष पेंशन नगर पुलिस लाईन टाकली नागपुर महाराष्ट्र के द्वारा हज यात्रा में ले जाने के नाम से 14,73,500 रूपये की ठगी कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने इस मामले को विवेचना में लिया है।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. किशोर सांगोड़े
MBBS, MD (Internal Medicine)
• ब्लड प्रेशर • बुखार • पेट रोग
• शुगर • खांसी • किडनी
• थायराइड • छाती रोग • लकवा
• माइग्रेन
• श्वास तथा हृदय संबंधित समस्या • नसों से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### नौकरी और मुआवजे के बाद करें जमीन अधिग्रहण

**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ से कटघोरा रेलवे लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण के पहले प्रभावित परिवार के एक सदस्य को नौकरी एवं उचित मुआवजा देने की मांग को लेकर रेलवे संघर्ष समिति ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। समिति के सदस्यों की मांग है कि जिन किसानों की जमीन से रेलवे लाइन गुजरने वाली उनके परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी एवं उचित मुआवजा देने के बाद ही भूमि अधिग्रहण किया जाए क्योंकि भूमि पूजन के बाद से जिन किसानों के खेत से रेलवे लाइन जा रहा है वहां का रजिस्ट्री व फौती को रोक दिया गया है। बीते 7 सालो में कई किसानों का बंटवारा हो गया है तो कुछ ने बोर खनन करा लिया। कुछ की जमीन पर मकान निर्माण हो गया है। ज्ञापन सौंपने के बाद जितेंद्र गैडरे, कमलेश सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

### बारिश से मौसम खुशनुमा

**डोंगरगढ़।** शनिवार को सुबह 8 से 11 बजे तक रूकरूक कर बारिश हुई। शहर में लगातार गर्मी के बाद पिछले दो दिनों से बदली के साथ आज दो घंटे तक बारिश होने से मौसम खुशनुमा हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली। कहा जा रहा है कि अगले दो- तीन दिन तक अच्छी बारिश होती है तो पानी की किल्लत खत्म होगी साथ ही किसान बोनी करने में जुट जाएंगे।



### सोसायटी का निरीक्षण

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत घुमका में किसानों की समस्या को देखते हुए विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने सोसायटी पहुंचकर समस्याओं को सुना और सोसायटी प्रबंधक को खाद प्रदान करने के निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सरपंच फूलमती वर्मा, दुर्गेश द्विवेदी, उमराव वर्मा, सोसायटी प्रबंधक आदि उपस्थित थे।

### बस स्टैंड में बिक रही शराब

**डोंगरगढ़।** शहर में अवैध शराब दुकान एवं चकना सेंटर संचालित किया जा रहा है। शहर के स्व. षिवेन्द्र बहादुर सिंह बस स्टेण्ड में अवैध शराब दुकान एवं चखना सेंटर के संचालन से माहौल खराब हो रहा है। उल्लेखनीय है कि शहर के मध्य में स्थित इस क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक शासकीय कार्यालय, न्यायालय परिसर, एसडीएम, तहसील कार्यालय, रजिस्ट्रार आफिस होने के बावजूद शराब का अवैध कारोबार चल रहा है। पार्षद तुलसी मिश्रा ने शराब के इस अवैध कारोबार को लेकर बस स्टेण्ड सहित कई स्थानों में पोस्टर चिपकाकार इस मुद्दे को उठाया है।

### श्रद्धा से निकली शोभायात्रा



**डोंगरगढ़।** कबीर प्राकट्य दिवस के अवसर पर शनिवार को कबीर के अनुयायियों ने शहर में शोभायात्रा निकालकर भाईचारे का संदेश दिया।

### ज्योति राशि 24 से होगी जमा

**डोंगरगढ़।** श्री बम्लेष्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा आगामी 3 से 12 अक्टूबर तक क्वांर नवरात्रि पर्व मनाया जाएगा। माता के जो भक्त विशेष व्यवस्था के तहत उपर मंदिर में ज्योति कलश प्रज्जवलित कराना चाहते है, वह आगामी 24 जून से राशि जमा करा सकते है। राषि ट्रस्ट कार्यालय में 24 जून से नगद, बैंक ड्राफ्ट या मनीआर्डर के माध्यम से जमा किया जा सकता है। सालभर प्रतिदिन होने वाले माता के श्रृंगार हेतु 500 रूपए जमा किया जा सकता है। विशेष अवसरों पर माता की पूजा के लिए 250 रूपए निर्धारित है। यह जानकारी मंदिर ट्रस्ट समिति के मंत्री महेन्द्र परिहार ने दी।

### बाड़ी में रेत का भंडारण, आरोपी गायब

**डोंगरगढ़।** ग्राम जामरी के पूर्व उपसरपंच टिकेन्द्र सिन्हा के घर में अवैध रूप से रेत डंप करने की शिकायत मिलने पर एसडीएम उमेश पटेल राजस्व विभाग की टीम एवं पुलिस बल के साथ कार्यवाही करने पहुंचे। इस आशय की जानकारी मिलते ही टिकेन्द्र सिन्हा बाडी में ताला लगाकर फरार हो गया। घर में उपस्थित सदस्यों से चाबी मांगने पर उन्होंने बताया कि वह बाडी के गेट में ताला लगाकर कही काम में गया। राजस्व विभाग की टीम सरकारी जमीन पर चल रहे ईट भट्टे पर कार्यवाही करने पहुंची। मौके पर तीन से चार ईट के भट्टे सरकारी जमीन पर लगाया जाना पाया गया। यहां बड़ी मात्रा में लकडियां, रेत, मिट्टी और लगभग एक से दो लाख लाल ईट जब्त किया गया। ट्रेक्टर को भी जब्त किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि टिकेन्द्र लगभग पांच सालो से अवैध रूप से लाल ईट बनाने और रेत उत्खनन कर रहा है।

### स्कूलों सहित अन्य स्थानों पर मनाया गया योग दिवस

# योग का अभ्यास करने उमड़े युवा और बच्चे





हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर सैकड़ों लोगों ने योग के विभिन्न आसन कर निरोग रहने का संकल्प लिया।

ग्राम में आयुष्मान आरोग्य विभाग ने डां. शिल्पा पांड़ेय, डां. नेताम एवं साहू के मार्ग दर्शन में पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया था। योग प्रशिक्षक उमेश जंघेल ने विभिन्न योग कराकर लाभ के बारे में बताया। गया। शुक्रवार को धनवंतरी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में मोतीलाल जंघेल, कन्हैयादास वैष्णव, कविता अशोक जंघेल, खेमराज सिन्हा, कमल नारायण वर्मा, उत्तम चंद जैन आदि मौजूद थे।

**चिचोला।** रंगीटोला उपस्वास्थ केन्द्र में योग दिवस मनाया गया। आरएमए नूतन भवानी देवांगन, माया देवांगन, संजीव यादव, हिमानी ठाकुर आदि ने योग का अभ्यास किया। इस मौके पर ग्रामीणों को बताया गया कि सेहत मंद रहना है तो नियमित योग करना जरूरी है।

### निरोग रहने के लिए योग करने का आह्वान

**घुमका।** बड़े टेमरी की शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में शुक्रवार को योग दिवस मनाया गया। पतंजलि योगपीठ दुर्ग के योगाचार्य मृदुल निर्मल ने व्यायाम, प्राणायाम, भ्रामरी कपालभाति, अनुलोम, विलोम उज्जायी प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि योगासन एवं प्राणायाम से शारीरिक व मानसिक लाभ तो होता



है साथ आत्म शुद्धि भी होती है। शिविर का संचालन व्याख्याता कमला कुलदीप ने किया। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य नीलिमा ठाकुर, क्रेएस सिन्हा, आशा शर्मा, राधिका यादव, कमला कुलदीप, लोकेश पटेल, कुलेश्वर साहू, पुष्पेंद्र साहू, नंदिनी ठाकुर, सहदेव यादव, गौतम आदि उपस्थित थे। इसी प्रकार स्थानीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में योग दिवस मनाया गया। योग करने महिला समूह की महिलाएं, मितानिन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आदि पहुंची। सरपंच फूलमती वर्मा ने बताया कि इस मौके पर योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया गया। प्राथमिक शाला में आयोजित योग शिविर में कन्या पूर्व माध्यमिक शाला का स्टॉफ शामिल हुआ। शिक्षिका शीला सोनी ने प्राणायाम एवं योगासन का अभ्यास कराया। उन्होंने योग से होने वाले लाभ की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रधान पाठक विजय ठाकुर, सुलोचना वर्मा, पूर्णिमा पटेल, योगिता चंदेल, संगीता यादव, यशोदा वर्मा, सरपंच फूलमती जयकुमार वर्मा आदि शामिल हुए।

### देहान में योग दिवस मनाया गया



**बांधाबाजार।** देहान में शिक्षक कीरत गणवीर एवं आंनद चन्द्रवंशी के नेतृत्व में योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चे, ग्रामीण, युवा शामिल हुए। सभी ने योग और आसानों का अभ्यास किया।

### वनांचल में दिखी योग की झलक

**छुईखदान।** भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के सीओबी बुरहान कैंप परिसर में सेनानी अनंत नारायण दत्ता सेनानी मार्गदर्शन एवं उप सेनानी शैलेश कुमार के निर्देश पर योग कार्यक्रम आयोजित किया। कैंप के कमांडर निरीक्षक बरमेश्वर खरवार की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। श्री खरवार ने ग्रामवासियों को अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।

# बैगा आदिवासी को मिली 2 लाख की सहायता, बनवाया मकान

- केन्द्र सरकार की योजना के लाभ से परिवार खुश

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

गोलरडीह निवासी बैगा आदिवासी फागलाल को प्रधानमंत्री जनजाति न्याय महाभियान के तहत 2 लाख का लाभ मिला है। इस योजना के तहत फागलाल ने पुराने जर्जर मकान को तोड़कर पक्का मकान बनाया है। फागलाल रोजी-मजदूरी कर गुजारा करता था। वह कच्चे मकान में रहता था। आर्थिक तंगी के कारण पक्का मकान बनाना असंभव था लेकिन प्रधानमंत्री जनजाति न्याय महाभियान के तहत उसे 4 किश्तों में 2 लाख की वित्तीय सहायता मिली। इस सहायता से उसने पक्का मकान बनवाया।



### खुशी की लहर

फागलाल इस योजना के लिए सरकार का धन्यवाद करते हुउ कहते है कि अब वह और उनका परिवार सुरक्षित और खुशी से रह सकेंगे। प्रधानमंत्री जनजाति न्याय महाभियान योजना भारत सरकार की एक पहल है जिसका उद्देश्य जनजातीय समुदायों को सामाजिक, आर्थिक और न्यायिक रूप से सशक्त बनाना है। इस योजना के तहत सरकार विभिन्न सुविधाएं प्रदान करती है।

# बिजली की आंख मिचौली से उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांधाबाजार

अंचल के ग्राम कोटरा, गुंडरदेही, कुल्हाड़ी, ढाढूटोला, चिखली, तोयागोंदी, जादूटोला, राघोटोला, शिकारीटोला, जोरातराई, थैलीटोला, मांझीटोला, बिटाल, रैनूटोला आदि आदि गांव के ग्रामीण इन दिनों बिजली की आंख मिचौली से परेशान है। बिजली का गुल होना आम बात हो गई है। हवा चलने या बूंदाबांदी होने पर बिजली गुल हो जाती है और फिर घंटों इंतजार के बाद आती है। कुछ दिन पहले ही मेंटेनेंस के नाम से दिन भर बिजली बंद कर पेड़ पौधे कटाई आदि कार्य किया गया था इसके बाद भी बिजली गुल होना समझ से परे हैं। बिजली की आंख मिचौली से अंचलवासी आक्रोशित है।




### अधिकारी ही नहीं

जानकारी के अनुसार विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय में जेई और लिपिक तक नहीं है जिससे भी लोगों की परेशानी का समाधान नहीं हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि छोटी-बड़ी समस्या के लिए उन्हें अंबागढ़ चौकी कार्यालय जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि जिम्मेदार अधिकारी के नहीं रहने से किसी भी शिकायत का संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाता। ग्रामीणों ने व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दिया है।

# मौसमी बीमारी का प्रकोप रोकने नियमित सफाई करने के निर्देश

**राजनांदगांव।** नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता आज के सफाई निरीक्षण में लखोली, दुर्गा चौक व सेठी नगर तथा कन्हारपुरी में अधिकारियों के साथ पहुंचकर सफाई व्यवस्था देखा और लोगों से रूबरू होकर पानी व सफाई व्यवस्था की जानकारी ली।

लखोली, दुर्गा चौक, सेठी नगर तथा कन्हारपुरी में सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर आयुक्त गुप्ता ने हाजिरी रजिस्टर की जांच की एवं अनुपस्थित कर्मचारी के संबंध में जानकारी लेकर वार्ड प्रभारी से सफाई



व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी वर्षा ऋतु में मौसमी बीमारी न फैले उसके लिए नियमित रूप से साफ-सफाई करें, सघन बस्ती में पानी जमाव की स्थिति न हो, नाली नालों की नियमित सफाई करें, लोगों को स्वच्छता अपनाने समझाईस दें। उन्होंने तालाब सफाई निरीक्षण के दौरान तालाब के किनारे रखे कचरा हटवाने के निर्देश दिए। जिससे लोगों को नहाने आदि कार्य में सुविधा हो। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता गरिमा वर्मा व आयुषी सिंह, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू, प्र. पटवारी मिलिंद रेड्डी सहित निगम का अमला उपस्थित था।

### समय पर पूर्ण करें कार्य

कन्हारपुरी में मुस्लिम समाज सामुदायिक भवन में शौचालय निर्माण, दुर्गा चौक में साहू समाज सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का जायजा लेकर सामाजिक लोगों के भावना के अनुरूप निर्माण कर समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्र. कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव से कहा कि अन्य जो भी कार्य है, उसे बारिश के पूर्व जल्द प्रारंभ कराएं। सेठी नगर में पानी सप्लाई हेतु टंकी लगाने कार्य का निरीक्षण कर लोगों से पानी के संबंध में जानकारी ली। महिलाओं ने जानकरी देते कहा कि कम प्रेशर के कारण नल में ठीक से पानी नहीं आता, लेकिन टंकी लग जाने से पानी की समस्या दूर हो गई। उन्होंने लखोली, दुर्गा चौक एवं सेठी नगर में आंगनबाड़ी भवन का निरीक्षण कर बच्चों को दी जाने वाली सुविधा तथा उनके प्रारंभिक शिक्षा के संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका से जानकारी ली। उन्होंने दुर्गा चौक आंगनबाड़ी भवन में फ्लोरिंग करने के निर्देश दिए।

### नेफिस सिस्टम कार्यशाला में हुए प्रशिक्षित

**राजनांदगांव।** पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में 10 से 14 जून तक फिंगरप्रिंट नेफिस सिस्टम कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें 125 प्रशिक्षणार्थी एवं 9 नेफिस यूजर प्रशिक्षित हुए।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने व आरोपियों की शीघ्र पहचान कर उन्हें सजा दिलाने के लिए पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में 10 से 14 जून तक पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में फिंगरप्रिंट नेफिस सिस्टम कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ और समापन दोनों पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा किया गया। उक्त कार्यशाला में 125 प्रशिक्षणार्थी एवं 9 नेफिस यूजर को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर एवं फिंगरप्रिंट ब्यूरो से आए फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट अधिकारी धर्मेन्द्र भारती, कमलेश्वर सिंह, राकेश नरवरे एवं रेंज फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट रायपुर, राजनांदगांव एवं दुर्ग द्वारा दिया गया। 5 दिवसीय कार्यशाला में फिंगरप्रिंट का महत्व और उपयोगिता के संबंध में विस्तार से बताया गया और सीन ऑफ क्राईम इनवेस्टिगेशन, फिंगरप्रिंट, चांस प्रिंट लिफ्टिंग, बेसिक नेफिस ट्रेनिंग दिया गया। गिरफ्तार संदेहियों एवं निगरानी बदमाशों के दोनों हाथों की आदर्श अंगुलि चिन्ह पर्णी का फिंगरप्रिंट लेने तथा फिंगरप्रिंट सर्चस्लिप, रिकार्ड स्लिप तैयार करना नेफिस सिस्टम में अपलोड करना और अपराधियों की पहचान करने तथा साक्ष्य के रूप में कैसे उपयोग करना सिखाया गया।

इस योजना से विवेचना के दौरान गिरफ्तार आरोपियों एवं संदेहियों की पहचान आसानी से की जा सकती है। नेफिस का महत्व एवं उपयोग के संबंध में विस्तार से तकनीकी पहलुओं के बारे में बताया गया।

### समिति का हुआ विस्तार, नए सदस्य किये गए शामिल

# छिरपानी मुक्तिधाम का होगा कायाकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

छिरपानी मुक्तिधाम में सुविधा मुहैया कराने हेतु शहर के 35 जनों ने मुक्तिधाम समिति की सदस्यता ग्रहण किया है। प्राथमिक सदस्यता शुल्क 21 सौ रूपए है। मुक्तिधाम के नवनिर्माण के लिए सदस्यों ने दान देने की घोषणा किया है जिसमें महेन्द्र भाई पटेल ने 21 हजार, सुनील जैन 51 सौ, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल 51 सौ, प्रकाश चौरडिया 51सौ, वीरेंद्र अग्रवाल 51 सौ, राजू अरोड़ा भैया 11 हजार, मधुसूदन अग्रवाल 51 सौ, मनोज गुप्ता 31 सौ, गोपाल खेमुका 11 हजार, सुरेंद्र सिंह बन्नोआना ने चार चेयर, परविंदर सिंह मोंटी द्वारा 5 ट्री गार्ड, पप्पू भाटिया ने आरो वॉटर मशीन देने की घोषणा की। समिति के सदस्यों ने बताया कि शवदहन के लिए लोहे का स्ट्रक्चर तैयार करना, गार्डन बनाना तथा शैड में बैठक व्यवस्था करने का निर्णय लिया है।



### पानी, लकड़ी का होगा इंतजाम

शहर के प्राचीन छिरपानी मुक्तिधाम में व्याप्तज अव्यवस्था एवं दाह संस्कार के बाद अस्थियों के गायब होने जैसी घटनाओं को देखते हुए मुक्तिधाम समिति का विस्तार करने, सफाई एवं अतिक्रमण आदि विषय को लेकर बैठक आयोजित की गई। स्थानीय मारवाड़ी धर्मषाला में आयोजित बैठक में नए सिरे समिति का गठन एवं विस्तार किया गया। इस दौरान सामाजिक एवं धार्मिक लोगों हजारों रूपए देने घोषणा की। नए सदस्यों ने मुक्तिधाम में सफाई किया। जल्द ही मुक्तिधाम में चौकीदार, पानी, लकड़ी, कंडा की व्यवस्था करने एवं सौंदर्यीकरण करने का निर्णय लिया गया। यह जानकारी समिति के प्रमुख गोपाल खेमुका ने दी।

### निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने 25 तक आवेदन आमंत्रित

**राजनांदगांव।** जिला प्रशासन द्वारा जिले के बेरोजगार युवाओं को हुनरमंद बनाने के उद्देश्य से कौशल विकास प्रशिक्षण अंतर्गत बेरोजगार युवाओं को 3-4 माह की अवधि का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण का आयोजन दिग्विजय स्टेडियम कक्ष भदौरिया चौक राजनांदगांव एवं जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी सोमनी-सांकरा राजनांदगांव में किया जाएगा। सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण ने बताया कि प्रशिक्षण में कम्प्यूटर, रिटेल, ऑफिस असिस्टेन्ट, इलेक्ट्रिशियन, मेसन, बुनकर, सिलाई, जरदोशी इत्यादि कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए इच्छुक युवा 25 जून तक अपना पंजीयन करा सकते हैं।

पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

**ढोल में पोल:** कई गांवों में पानी निकासी के आभाव में जल भराव की समस्या

# मानूसन की पहली बारिश ने जिले में ग्राम विकास की खोली पोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

वर्षाकाल प्रारंभ होने के बाद एक बार फिर जिले के ग्रामीण और वनांचलों में शासन, प्रशासन तथा नेताओं के तथा कथित विकास के दावों की पोल खुलने लगी है और इसका बेजा खामियाजा क्षेत्र के ग्रामीण भुगत रहे हैं। इसकी एक बानगी बीते गुरूवार को पहली बार हुई झमाझम बारिश में देखने को मिली। यहां बताना लाजिमी होगा कि गुरूवार को इस वर्षाकाल की पहली झमाझम बारिश कवर्धा सहित पूरे अंचल में देखने को मिली थी। बताया जाता है कि करीब डेढ़ से दो घंटे तक हुई मूसलाधार बारिश के बाद जिले के कई गांव बारिश के पानी से लबालब हो गए और गावों में जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई। जिससे स्थानीय ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी के मुताबिक जिले के विकासखण्ड स. लोहारा के ग्राम कोयलारी सहित दर्जनो गांव में इस तरह की समस्या देखने को मिली। इन प्रभावित गांवों में बारिश के दौरान गांव की बस्तियों, गलियों, खेत, खलिहानो और स्कूल परिसरों में जलभराव हो गया। जिसके कारण स्थानीय ग्रामीणों का सामान्य जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया और उन्हें खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि वर्षाकाल के शुरूआती दौर की बारिश का यह पानी कुछ घंटों में ही जमीन के नीचे समा गया और स्थिति सामान्य हो गई। लेकिन माना जा रहा है कि यह तो वर्षाकाल की पहली बारिश है आने वाले दिनो में इस तरह की बारिश न जाने कितनी बार होगी और तब जमीन की प्यास भी बुझ जाएगी ऐसे में यह सवाल खड़ा होता है कि आखिर गांव की बस्तियों, गलियों, स्कूल परिसरों, खेत, खलिहानो में भरा यह बारिश का पानी कहा जाएगा और इसकी निकासी कैसे होगा?

### ग्राम विकास के दावे खोखले



यहां बताना लाजिमी होगा कि छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद से करीब तीन साल कांग्रेस शासन काल में, इसके बाद पंद्रह साल भाजपा शासनकाल में और फिर पांच साल कांग्रेस शासन काल में और अब फिर 6 माह के भाजपा शासनकाल में शासन, प्रशासन तथा क्षेत्रीय नेताओं द्वारा सिर्फ और सिर्फ ग्राम विकास के दावे किए गए हैं और इन तथा कथित ग्राम विकास के निर्माण व विकास कार्यो के नाम पानी की तरह पैसा बहाया गया है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि आज जिले के सैकड़ों गांव ऐसे हैं जहां पानी निकासी के लिए पक्की नाली तक नहीं हैं। ग्रामीणों के सुलभ आवागमन के लिए गावों में पक्की सड़कें तक नहीं है। गांवों के घरों से निकलने वाली निस्तारी का गंदा पानी आज भी गांव की कच्ची गलियों भरा रहता है। यही वजह की है वर्षाकाल प्रारंभ होने के साथ ही गांवों में जलभराव की गंभीर समस्या खड़ी होती है। जिसका खामियाजा हर साल ग्रामीणों के साथ स्कूली बच्चों को भुगतना पड़ता है।

### ग्राम पंचायतें बेपरवाह

ग्राम पंचायतों में व्याप्त इस अव्यवस्था व समस्याओं के लिए बहुत हद तक ग्राम पंचायतें भी जिम्मेदार है। गौरतलब है कि प्रायः हर ग्राम पंचायतों के पास अपनी स्वयं की वार्षिक आय के कई श्रोत होते हैं इसके अलावा उन्हें शासन की तरफ से भी हर साल कई मदों से आय प्राप्त होती है। लेकिन भगवान जाने इन ग्राम पंचायतों द्वारा अपनी इस आय व मदों का उपयोग कहा किया जाता है। हैरानी की बात तो यह है कि इनसे यह सवाल जवाब करने वाला भी कोई नहीं है। जबकि चाहें और इच्छा शक्ति हो तो ग्राम पंचायते गांव की कई छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान बगैर शासन, प्रशासन का मुंह ताके अपने बूते कर सकती हैं। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि अब ग्राम पंचायतों के नुमाईदों को ग्रामीणों की समस्याओं और ग्राम विकास से कोई सरोकार ही रह गया है।

# नगर में समस्या निवारण शिविर आज से, डिप्टी सीएम करेंगे शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



कवर्धा नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा 23 जून रविवार से लेकर 08 जुलाई 2024 तक नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जनसमस्या निवारण शिविर का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा किया जाएगा। शिविर में ही वार्ड के हितग्राहियों को राशन कार्ड का वितरण किया जाएगा। जनसमस्या निवारण शिविर में हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ दिया जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार उप मुख्यमंत्री छ.ग.शासन एवं विधायक के निर्देशनुसार निकाय क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रं. 01 से 27 तक की नगरवासियों के समस्याओं का निराकरण के लिए हितग्राही मूलक विभागों द्वारा स्टाल लगाकर संबंधित समस्याओं का आवेदन प्राप्त कर निराकरण के लिए जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 23.जून 2024 से 08.07.2024 तक समय- सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है। जनसमस्या निवारण शिविर में स्वाथ्य जांच केन्द्र, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार कार्ड बनाने का कार्य, आधार कार्ड संशोधन कार्य, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना, राशन कार्ड, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास श्रम कार्ड के साथ विद्युत विभाग, नजूल विभाग, राजस्व विभाग, महिला बाल विकास विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा स्आल लगाया जायेगा। इसी तरह शिविर में परिवहन विभाग द्वारा अस्थायी लायसेंस बनाने का कार्य भी किया जायेगा। निर्धारित दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर शिविर में लगाये गये योजनाओं का लाभ उठायें।



### कब-कहां लगेगा जनसमस्या निवारण शिविर

जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 23 जून से 08 जुलाई तक चलेगा। जिसमें 23 जुलाई को वार्ड क्रमांक 04, 05, 06, 07, 08 को स्थान-पीजी कॉलेज इंडोर स्टेडियम (डोम), 26 जून को वार्ड क्रमांक 09, 10, 11, 20 को स्थान-वीर सावरकर भवन, 29 जून को वार्ड क्रमांक 12, 13, 14, 15 को स्थान-आत्मानंद विद्यालय कचहरी पारा, 02 जुलाई को वार्ड क्रमांक 16, 17, 18, 19, 21, 22 को स्थान-शौर्य भवन ठाकुर पारा, 5 जुलाई को वार्ड क्रमांक 23, 24, 25, 26, 27 को स्थान शासकीय खालसा प्राथमिक शाला कवर्धा एवं 8 जुलाई को वार्ड क्रमांक 01, 02, 03, 08 को स्थान-पुलिस चौकी कैलाश नगर में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक होगा।

## खबर संक्षेप



### किसानों को मिलेगा ऋण व सहायता

**कवर्धा।** सरकार एग्रीस्टेक योजना पर काम कर रही है, इसके अंतर्गत जियो रिफ्रेशिंग आधारित डिजिटल फसल सर्वेक्षण किया जाएगा। सर्वे में फसल की सभी जानकारी भारत सरकार के एग्रीस्टेक पोर्टल में दर्ज होगी। किसानों को फसल उत्पादकता के लिए जरूरी इनपुट जैसे फसल ऋण, विशेषज्ञों की सलाह से लेकर बाजार उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। किसानों को बैंक लोन लेने की भी सुविधा मिलेगी।

### बीए पाठ्यक्रम का परीक्षा परिणाम घोषित

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विवि ने बीए पाठ्यक्रम के भाग दो व तीन वार्षिक परीक्षा- 2024 के परिणाम घोषित कर दिया है। बीए भाग दो का ओवरऑल परीक्षा परिणाम 47.40 प्रतिशत रहा है। इसमें कुल 18046 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 8555 उत्तीर्ण, 4526 अनुत्तीर्ण, 4493 पूरक, 114 अनुपस्थित, 440 के परीक्षा परिणाम रोके गए व 32- परीक्षार्थी नकल प्रकरण शामिल हैं। परिणाम वेबसाइट पर अपलोड है।

### प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 24 जून से

**कवर्धा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कबीरधाम कार्यालय परिसर में 24, 25 एवं 26 जून 2024 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

# तीन सूत्रीय मांगों को लेकर स्वास्थ्यकर्मी बेमुद्दत हड़ताल पर

## जिले के उप स्वास्थ्य केन्द्रों की सेवाएं प्रभावित





हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के उप स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत 108 सीएचओ कर्मचारी प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय आव्हान पर तीन सूत्रीय मांगों को लेकर गत 21 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। बताया जाता रहा है स्वास्थ्य कर्मचारियों की इस बेमुद्दत हड़ताल का सीधा असर ग्रामीण सेवाओं पर पड़ रहा है और जिले में संचालित उप स्वास्थ्य केन्द्रों में ताला लटकने की नौबत आ गई है। अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर कामकाज ठप कर जिला मुख्यालय कवर्धा के राजमहल चौक स्थित राजीव गांधी पार्क में अनिश्चितकालीन हड़ताल में बैठे स्वास्थ्य कर्मचारियों ने बताया कि वे मुख्य रूप से कर्मचारियों के कार्यभारी आधारित वेतनमान के नियमित भुगतान, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अधिकारियों के लिए स्थानांतरण नीति लागू करने तथा कांकेर के जिला संयोजक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अधिकारी पवन वर्मा को बहाल किए जाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं और जब तक उनकी ये तीनो मांगे पूरी नहीं की जाती उनकी अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने बताया कि नियमानुसार उन्हें हर माह की 15 तारीख तक कार्यभारी आधारित वेतन का भुगतान हो जाना चाहिए लेकिन स्थिति ये है कि कर्मचारियों को नियमित वेतन का भुगतान नहीं हो रहा है। प्रदेश के कई जिलों में कई-कई महिनो का वेतन लंबित है। इसी प्रकार कबीरधाम जिले सहित प्रदेश में कई महिला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अधिकारी दूसरे जिलों से आकर सेवाएं दे रही है। उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य केन्द्रों में सेवाएं देने में कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में संघ की मांग है कि महिला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अधिकारियों के लिए स्थानांतरण नीति बनाकर उन्हें उनके गृह जिले में पदस्थ किया जाए। संघ ने कहा कि कांग्रेस के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अधिकारी पवन वर्मा को झूठी शिकायतों के आधार पर कार्यवाही करते हुए पद से बर्खास्त कर दिया गया है उनकी बहाली की जानी चाहिए।

### मौसमी बीमारियों के सीजन में हो सकती है मरीजों का परेशानी

यहां बताना लाजिमी होगा कि अंचल में वर्षाकाल प्रारंभ हो चुका है और मौसमी बदलाव के बीच प्रायः हर रोज बारिश हो रही है जिससे लोगों में मौसमी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। ऐसे में जिले की पहले से चरमराई स्वास्थ्य सेवाओं के बीच अब स्वास्थ्य कर्मचारियों की इस बेमुद्दत हड़ताल का खासा प्रभाव जिले की ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में देखा जा सकता है। जिसका खामियाजा ग्रामीण मरीजों को भुगतना पड़ सकता है।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी में कृषकों को हुआ करोड़ों रुपए का भुगतान

- उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर ज़िले के किसानों को लगातार योजनाओं से किया जा रहा लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में ज़िले के किसानों को लगातार योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा हैं। निर्देशों का पालन करते हुए कृषि विभाग की टीम द्वारा रबी वर्ष 2023-24 अन्तर्गत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत ज़िले के कृषकों को करोडों रुपए का भुगतान किया गया हैं। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी वर्ष 2023-24 में जिले के कृषको द्वारा चना, गेहू सिंचित एवं गेहू असिंचित फसल के लिए फसल बीमा कराया जाता है, जिसमे इस वर्ष रबी 2023-24 में अतिवृष्टि, ओलावृष्टि अंतर्गत 18725 कृषको को 34 करोड़ 84 लाख 19 हजार 2 सौ 32 रुपए और इसी प्रकार उपज में कमी के आधार पर 19792 कृषको को 27 करोड़ 73 लाख 19 हजार 4 सौ 71 रूपये अब तक कुल जिले में 62 करोड़ 16 लाख रूपये का सफल दावा भुगतान क्रियान्वयक बीमा कंपनी द्वारा कृषको के खाते में अंतरण किया गया है। शेष बचे हुए 1587 कृषको को 55 लाख 56 हजार 7 सौ 16 रूपये अतिवृष्टि, ओलावृष्टि अंतर्गत एवं इसी प्रकार उपज में कमी के आधार पर 1890 कृषको को 1 करोड़ 56 लाख 96 हजार 8 रूपये कृषको को क्रियान्वयक बीमा कंपनी द्वारा 10 दिवस में उनके बैंक खाते में अंतरित किया जाएगा।



# बांधाटोला के एक मकान में घुसा तेज रफ्तार ट्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

बोड़ला थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम बांधाटोला के पास शुक्रवार की एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित मकान में जा घुसा। इस दुर्घटना में मकान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया लेकिन इसे गनीमत ही कहें की मकान में मौजूद कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार की रात एक तेज रफ्तार ट्रक बोडन्ना थाना क्षेत्र से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 से होकर गुजर रहा था। इसी दौरान ग्राम बांधाटोला के बाद तेज रफ्तार ट्रक के अज्ञात चालक ने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया और ट्रक सीधे सड़क किनारे बने एक मकान में जा घुसा। जिससे मकान का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जाता है कि घटना के वक्त ग्रामीण परिवार मकान के अंदर ही मौजूद था और वह ट्रक तथा मकान के मलवे की चपेट में आने से बाल-बाल बच गया। बहरहाल घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची बोड़ला पुलिस ने अपनी कार्यवाही शुरू कर दी है।



# पुलिस लाइन कॉलोनी में मनाया गया योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महिला पतंजलि योग समिति कवर्धा द्वारा पुलिस लाइन कॉलोनी की बहनों को 21 जून के योग प्रोटोकॉल के तहत योग कराया गया। इसमें मुख्य रूप से महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी उमा भारती, महामंत्री श्रीमती ज्योति शुक्ला, सेवावर्ती सुश्री भारती शर्मा एवं संगठन मंत्री सुश्री महिमा शर्मा ने योग प्रशिक्षण दिया तथा योग शिविर में उपस्थित लोगों को विभिन्न योग के लाभ भी बताए। जिसमे गायत्री, मीनाक्षी समेत अन्य योग साधिका महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

**मानूसन के सक्रिय होते ही आधुनिक संसाधनों के साथ खेतों में नजर आ रहे किसान**

# वनांचल में किसानों का रूझान धान खेती की ओर, तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोड़ान



दो दिन पहले अंचल में मानसून की दस्तक के साथ हुई झमाझम बारिश से जहां किसानों के चेहरे खिले हैं वहीं उनकी सक्रियता भी बढ़ गई है। गौरतलब है कि दो दिन पहले 20 जून को मानसूनी हवाओं के साथ पूरे शबाब पर पहुंची बरखा की फुहारों ने पूरे अंचल को तरबतर कर दिया, जिससे न केवल आग उगलते सूरज की अभूतपूर्व तपिस से ब्याकुल सम्पूर्ण जड़ चेतन को राहत मिली है बल्कि खेती किसानी की पूरी तैयारी करके बरखा रानी की बाट जोह रहे किसानों के चेहरे भी खिल गए हैं। यहाँ यह भी बताना लाजिमी होगा कि पिछले कुछ वर्षों से राजननीतिक दलों के बीच धान और किसान का मुद्दा मुख्य चुनावी मुद्दा बन गया है जिसके चलते किसानों को धान के बढ़े हुए समर्थन मूल्य के रूप में अच्छी खासी कीमत मिल रही है और यही कारण है कि किसान अब अपनी पूरी जमीन पर धान की खेती करना चाहता है। किसी समय वनांचल की अधिकांश क्षेत्र में असमतल और ऊंची नीची भूमि पर कोदो कुटकी और मक्का, अरहर जैसी कम पानी वाली फसलें ली जाती थीं वहीं अब पूरे अंचल में इन फसलों को भूल कर लोग धान की खेती करने लगे हैं। ऊंची नीची असमतल भूमि को घण्टों में समतल बना देने वाले आधुनिक संसाधनों की भरमार के चलते अब पहाड़ी क्षेत्रों में भी धान का रकबा काफी बढ़ गया है। ट्यूबवेल और ट्रेक्टर से खेती के इस नए दौर में लोग अब खेतों की जुताई के लिए बारिश का इंतिजार नहीं करते। प्रायः मानसून के पहले ही गर्मी में खेतों की जुताई कर ली जाती है। पूरे अंचल में हुई झमाझम बारिश के बाद खाद, बीज की बिक्री भी बढ़ गई है। एक ओर सेवा सहकारी समितियों में भी पर्याप्त मात्रा में खाद बीज का भंडारण कर लिया गया है किन्तु किसानों का रुझान देशी धान बीज की बजाय हाइब्रिड धान की ओर ज्यादा है इसीलिए निजी दुकानों में धान बीज की बिक्री काफी बढ़ गई है। बताया जाता है कि यद्यपि देशी धान बीज से उपज थोड़ी कम होती है किंतु ये कम पानी में भी हो जाती है और इसके अलावा बीमारियां कम लगने से कीटनाशक दवाइयां भी कम लगती हैं जबकि हाइब्रिड में इसके विपरीत पानी, खाद और कई तरह की बीमारियों से बचाव के लिए दवाइयां और देख रेख ज्यादा करनी पड़ती है। कुल मिलाकर अंचल के किसान मानसून की दस्तख के साथ अपने नफा नुकसान को ध्यान में रखते हुए खेती किसानी के कार्य में पूरी सिद्दत के साथ जुट गए हैं।

# ग्राम छिरहा स्कूल के शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने किया योग अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा में दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास किया। संस्था के प्राचार्य रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने विद्यार्थियों को बताया कि योग केवल शारीरिक व मानसिक ही नहीं, बल्कि चारित्रिक रूप से व्यक्ति का विकास करता है। हमारे देश में योग प्राचीन काल से ही प्रचलित रहा है। भारत ने योग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाकर योग के जरिए सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा दिया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रस्ताव पारित होने के बाद सन 2015 में 21 जून को पहली बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग के अनेक लाभों के बारे में दुनिया भर में जागरूकता बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का थीम स्वयं व समाज के लिए योग है। इस दौरान प्राचार्य रमेश कुमार चन्द्रवंशी, व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी, वीणाक्षी नामदेव एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### 21 जून को परछाई भी छोड़ देता है साथ

प्राचार्य रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि 21 जून को एक अद्भुत खगोलीय घटना भी घटित होता है। इस दिन सूर्य दक्षिणायन में प्रवेश करता है, जिसके बाद वर्षा ऋतु का विधिवत शुभारंभ होता है। 21 जून को साल का सबसे बड़ा दिन होता है। इस दिन सूर्य कर्क रेखा के बेहद करीब होने के कारण नो शेडो जोन बन जाता है अर्थात दोपहर करीब 12.30 बजे मनुष्य को अपनी परछाई नजर नहीं आता है।

## सार समाचार

### नीरज बने कांग्रेस कमेटी के महामंत्री



**राजनांदगांव।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने नीरज कन्नौजे को अपनी कमेटी का महामंत्री नियुक्त किया है। श्री कन्नौजे की नियुक्ति कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पण भाव को देखते हुए संयुक्त महामंत्री के पद पर की गई है। उनकी इस नियुक्ति पर श्री जैन बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि पार्टी की रीति नीति एवं पार्टी हित में उत्तम कार्य करते रहेंगे। उनकी इस नियुक्ति की सूचना पार्टी आलाकमान को भी भेज दी गई है।

### योग शरीर और आत्मा के मिलन का नाम है

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजनांदगांव नगर के अभिमन्यु प्रभात शाखा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया योग प्रशिक्षक राजेश खांडेकर के द्वारा प्रोटोकॉल के अनुसार योग का प्रशिक्षण दिया गया। राजेश



खांडेकर ने योग के बारे में बताते हुए कहा कि योग शरीर और आत्मा के मिलन का नाम है। आसन शरीर के विभिन्न क्रियाएं हैं और प्राणायाम शरीर की आंतरिक क्रियाएं योग के आठ प्रकार हैं यम नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, ध्यान, धारणा, समाधि हम सभी को आसन योग प्रतिदिन करना चाहिए। इस दौरान प्रमुख रूप से विष्णु प्रसाद साहू ,संजय सोनी, अरविंद सिन्हा, अरूण भास्कर गुप्ता, सागर तिवारी, आदर्श सिहं ठाकुर, भोला बक्शी, ईश्वरी प्रसाद हरिहारनो, नरेश देवागंन, प्रिस यादव, लोकेश साहू, पूनम देवांगन, गुणवंत ठाकुर, कुलदीप पाल आदि उपस्थित थे।

### रेत कांड पर कांग्रेस ने गठित की जांच कमेटी

**राजनांदगांव।** मुड़पार में जब्त की गई करीब आठ सौ हाईवा रेत को बिना नीलामी के बेचे जाने के मामले की जांच के लिए जिला कांग्रेस कमेटी ने जांच कमेटी का गठन किया है। जिला अध्यक्ष भागवत साहू द्वारा गठित की गई जांच कमेटी में डोंगरगढ़ जनपद पंचायत भावेश सिंह, जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र यादव, जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पुष्पा वर्मा, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, शहर अध्यक्ष विजय राज चौहान, हीरा सोनी, नरेन्द्र वर्मा तथा युवक कांग्रेस के अध्यक्ष संदीप गहिरवार को सदस्य बनाया गया है।

### शिव महापुराण कथा सुनने श्रोताओं की उमड़ रहा भारी भीड़

# हरे पेड़ को गाली दो सूख जाएगा, सूखे पेड़ की तारीफ करो हरा हो जाएगा : पंडित प्रदीप मिश्रा

## शिव भगवान पर जल चढ़ाएं, पूरी होगी हर मनोकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई में आयोजित शिव महापुराण की कथा के पांचवे दिन कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि हरे पेड़ को गाली दो तो वह सूख जाएगा वहीं सूखे पेड़ की तारीफ करने से वह हरा हो जाता है। उन्होंने कहा कि शिव की भक्ति भी ऐसी होती है। लोग उन पर जिनता विश्वास करेंगे उतना ही उन्हें आशीर्वाद मिलेगा।

गंडई में चल रहे शिवमहापुराण की कथा के पांचवे दिन भीड़ बीते चार दिनों से अधिक रही। अत्यधिक भीड़ के चलते सड़को और पंडाल पर भारी दबाव की स्थिति रही। उन्होंने शिवमहापुराण की एक प्रसंग जिसमे भगवान शिव अपने परम भक्त रहनु की परीक्षा लेने मा पार्वती और नंदी के साथ साधु का वेश बदल कर गए को सुनाते हुए परिवारिक जीवन और लक्ष्य प्राप्ति को लेकर किस प्रकार सच्चे मन से सच्ची श्रद्धा और मन की विल पावर को मजबूत रखना चाहिए बताया। कथा के दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि एक संत ने बड़ी सुंदर बात कही है कि तुम एक हरे भरे पेड़ के पास चले जाओ और लगातार उसे कोसने लगो, गाली दो वो पेड सूखने लग जायेगा। ऐसे ही तुम एक मुरझाये सूखे हुए पेड़ के पास जाकर उसकी बढाई करना चालू करो वो हरा भरा होना चालू हो जाता है। ऐसे ही तुम शिव भगवान पर जल चढ़ाएं उसकी भक्ति करो उस पर पूरा विश्वास करो तुम्हारा हर मनोकामना पूरी होते चला जाएगा।



### नहीं पड़ी ऑपरेशन की जरूरत

दूसरे पत्र को पढ़ते पंडित मिश्रा ने बताया कि राजनांदगांव जिले के ग्राम परमालकसा की रहने वाली श्रीमती साधना कहार पति विकास कहार कहती है कि मेरे पेट में गठान हो गयी थी। डॉक्टर ने बड़ी बीमारी की आशंका बताया था। एक माह के अंदर ऑपरेशन कराना था। हमने सोचा एक बार सिहोरा जाय, रुद्राक्ष लाय, शिव पर जल चढ़ाएं और पीये हमने ऐसा ही किया ऑपरेशन की तारीख आ गयी ऑपरेशन से पहले पुनः जांच हुई गठान गल चुका थी। ऑपरेशन कराने की जरूरत नही पड़ी। वहीं गंडई के विचारपुर के लेखराम जंघेल ने बताया कि उसे गाल पर कैंसर हो गया था। ऑपरेशन के बाद भी जब ठीक नहीं हुआ तो भगवान शिव पर जल और बेल पत्र चढ़ाना शुरू किया। इसके बाद कैंसर गलना शुरू हो गया।

### छत्तीसगढ़ गढ़िया सबले बढ़िया

कथा के दौरान प्राप्त पत्रों का वाचन करने का समय आया पहले पत्र को हाथ मे लेते हुए पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि यह पत्र छत्तीसगढ की पारम्परिक कला धान की फसल से बनाया गया है। पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया होते है। पत्र पढ़ते हुए उन्होंने बताया कि रूखमणी चन्दन मालागार साहू, हुकुम चन्दन, पायल चंदन ने पत्र में लिखा है मेरा एक बेटा 13 साल था। 2020 में बीमार पढ़ गया इलाज कराने के बाद भी हम उसे बचा नहीं पाए। दूसरी संतान की लालसा लिए पहली बार सफेद आंकड़े का प्रयोग किया। शिव आराधना करती, जल चढ़ाएं बेल पत्र चढाती शिवालयों का दर्शन करती और भोले बाबा की कृपा से 2023 में मुझे संतान सुख की प्राप्ति हुई।

# सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

**मोहला।** मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में लगातार सड़क हादसों में अल्प आयु के बीच युवाओं की हो रही दर्दनाक सिलसिलेवार मौतों के बीच मानपुर गढ़चिरौली नेशनल हाईवे के कोरकोट्टी गांव में निर्माणाधीन पुल से टकरा के एक और युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। रातभर युवक मोटरसाइकिल समेत पुल के नीचे पड़ा रहा, सुबह राहगीरों ने मानपुर पुलिस को सूचना दी जिसके बाद मोटरसाइकिल सहित शव को उठाया गया।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक महेश कुमार पिता झिगरूराम सोरी उम्र 24 साल जाति गोड निवासी देवकोंडे मोटरसाइकिल से सीतागांव थाना क्षेत्र के आमापैली गांव जा रहा था इसी दौरान निर्माणाधीन सड़क के नये पुल से वह टकरा गया। रात भर मोटरसाइकिल सहित मृत युवक पुल के नीचे पड़ा रहा सुबह राहगीर व ग्रामीणों ने मानपुर पुलिस को फोन पर सूचना दी सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचकर मानपुर पुलिस की टीम ने मोटरसाइकिल सहित युवक के शव को पुल के नीचे से उठाकर मानपुर लाये।

### मिला सुबह मृत अवस्था में



सड़क हादसे में नवनिर्मित पुल के नीचे रात भर बरसात के बीच युवक पुल के नीचे मोटरसाइकिल में दबा पड़ा रहा। सुबह ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी तब तक 24 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो चुकी थी। विगत कई सालों से दल्ली राजहरा से गढचिरौली महाराष्ट्र बॉर्डर तक नेशनल हाईवे निर्माण का कार्य चल रहा है, परंतु ठेकेदार हाईवे निर्माण को कछुए गति से करते आ रहा है जिसको लेकर यहां के प्रशासनिक अधिकारी आंख मूंदकर चुप्पी साधे हुए हैं ।

### जांच जारी है

रात भर युवक पुल के नीचे पड़ा रहा जब हमारी टीम सुबह पहुंची तो उसकी मौत हो गई थी। मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

**- रवि शंकर डहरिया,** थाना प्रभारी मानपुर

# फारेस्ट महकमे के संरक्षण में तस्करों ने काटे सैकड़ों पेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में वन तस्कर कीमती लकड़ी की बेधड़क कटाई कर रहे हैं। तस्करों ने खुलेआम सुकुलदैहान से मुसरा के बीच सैकड़ों पेड़ काटकर सड़क किनारे रख दिए हैं। जितने भी पेड़ आसपास लगे हैं, उसको भी काटने की पूरी तैयारी कर रहे हैं। क्योंकि उस पेड़ को गोल काटकर छोड़ दिया गया है। इसके बावजूद प्रशासन इस तरफ अनदेखा कर रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि, कुछ लोग पैसे की लालच में कीमती पेड़ों को भी काट रहे हैं। जंगल में कई औषधीय युक्त कीमती पेड़ हैं, उसे भी नहीं छोड़ रहे। सड़क के किनारे खेत में लगे कहुआ, रिया और बबूल के पेड़ों की धड़ल्ले से कटाई की जा रही है। प्रशासन की लापरवाही के चलते क्षेत्र में धड़ल्ले से हरे पेड़ों की कटाई की जा रही है। इधर, प्रशासन माफियाओं पर शिकंजा कसने में नाकाम साबित हो रहा है।

### पेड़ काटकर सड़क किनारे रखा

तस्करों ने खुलेआम सुकुलदैहान से मुसरा के बीच सैकड़ों पेड़ काटकर सड़क किनारे रखा दिया है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि, क्या इन तस्करों को प्रशासन का संरक्षण मिल रहा है? इन पेड़ों में अधिकतर ऐसे पेड़ हैं, जिन्हें काटने की अनुमति ही नहीं है। लेकिन तस्करों के हौसले इतने बुलंद हैं कि, वे प्रशासनिक अमलों को कुछ समझ ही नहीं रहे। तस्करों के हौसले बुलंद होने का कारण यह भी है कि प्रशासन भी इन पेड़ों की कटाई करने वाले लोगों के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। आए दिन जंगलों और खेतों से कई वाहन लकड़ी बाहर भी भेजी जा रही है।



### ग्रामीण इलाकों में हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई

गांवों से लगातार हरे-भरे पेड़ों की कटाई की जा रही है। जिससे पर्यावरण संकट बढ़ रहा है। माफियाओं ने कीमती पेड़ों की कटाई कर जंगलों को वृक्षविहीन बनाने का कार्य चल रहा है। पेड़ों की अवैध कटाई से आने वाले दिनों में प्रदूषण बढने की आशंका बढ़ती जा रही है। इससे कई लोग मालामाल हो रहे हैं। वहीं, प्रकृति से हरियाली घटती जा रही है। प्रशासन की लापरवाही के कारण जंगलों का उजाड़ा जा रहा है। कई जगहों पर कीमती बीजा पेड़ की अंधाधुंध कटाई की जा रही है और औने-पौने दाम में बेची जा रही है।

### तस्करों को संरक्षण

प्रशासन की उदासीनता और लापरवाही के कारण पेड़ काटने वालों पर कड़ी कार्रवाई नहीं की जा रही है और न ही पेड़ों की कटाई पर प्रतिबंध नहीं लग पा रहा है। वन माफियाओं पर रोकथाम नहीं होने के कारण जहां कभी घना जंगल हुआ करता था, वहां पर अब ठूंठ ही नजर आते हैं। इस समय सागौन के अलावा आम, इमली, बबूल, जामुन, बरगद, नीम प्रजाति के पेड़ों की कटाई धड़ल्ले से जारी है। इन पेड़ों की हो रही कटाई से वन क्षेत्रों को तो नुकसान हो रहा है, इसके अलावा पर्यावरण पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिसका परिणाम गर्मी के मौसम में देखने को मिलता है।

### जिले मे अवैध शराब के 111 मामले दर्ज, 101 गिरफ्तार

**खैरागढ़।** जिला आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब पर लगातार रोक लगाए जाने कार्रवाई की जा रही है। नवीन जिला गठन के बाद से अब तक 111 मामले दर्ज कर 101 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 619 बल्क लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत डेढ़ लाख रूपयो से ऊपर है। कच्ची शराब के खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए 1965 किलो ग्राम महुआ लाहन के अलावा 2 दोपहिया वाहनों को भी जब्त किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी डिगेश देवांगन ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने जिला आबकारी अधिकारी डिगेश कुमार देवांगन 9131502113, सहायक जिला आबकारी अधिकारी तपन सोरी 6267369261, आबकारी उप निरीक्षक विजयेन्द्र कुमार 8839362234 और आबकारी उप निरीक्षक प्रभाकर सिरमौर 7987302521 से संपर्क किया जा सकता है। इसमे जानकारी देने वाले का नाम पता पूरी तरह से गोपनीय रखा जाएगा। जिला आबकारी अधिकारी ने उदयपुर में मदिरा दुकान खोलने की अफवाहों को खारिज किया।

# जिले में पहली बार टीईटी परीक्षा बारह केंद्रों में शामिल होंगे परीक्षार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले मे पहली बार व्यापम की टीईटी परीक्षा को लेकर बारह केंद्र बनाया गया है जहॉ तीन हजार से ऊपर परीक्षार्थी प्राइमरी और मिडिल स्कूल मे शिक्षक बनने परीक्षा देंगे।

व्यापम द्वारा पहली बार जिले मे टीईटी परीक्षा आयोजन के लिए सहमति दी गई जिसके बाद रानी रश्मि देवी सिंह कॉलेज, पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी आत्मानंद शाला, स्वामी आत्मानंद कन्या शाला, अमलीपारा हाई स्कूल, जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान डाइट, विवेकानंद स्कूल, पालिटेक्निक कालेज मे, माइलस्टोन स्कूल, वेसलियन स्कूल अमलीपारा मे प्राइमरी शाला मे शिक्षक बनने सुबह की पाली मे परीक्षार्थी परीक्षा देंगे जबकि मिडिल स्कूल शिक्षक परीक्षा के लिए इन नौ केंद्रों के अलावा प्रेम कुमार सरस्वती विद्या मंदिर, वीरांगना अवंतीबाई लोधी स्कूल लाराबंद और स्वामी आत्मानंद छुईखदान स्कूल मे दोपहर पाली मे परीक्षा होगी।

डीईओ लालजी द्विवेदी ने बताया कि परीक्षा आयोजन को लेकर नोडल अधिकारी एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू की देखरेख मे तीन हजार से ऊपर परीक्षार्थियों की बैठक सहित अन्य समुचित व्यवस्था केंद्र मे बना लिया गया है। पहली बार परीक्षा आयोजन को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम भी किया गया है।

पहली पाली में 2430 और दूसरी द्वितीय पाली में 3164 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

### सीएम का विक्रांत ने जताया आभार

नवगठित जिले में व्यापम की परीक्षा आयोजित नही होने से निराश विद्यार्थियों के लिए प्रदेश भाजपा सरकार के 6 महीने के कार्यकाल मे ही राहत भरी खबर निकलकर सामने आई है जिसमे व्यापम रायपुर द्वारा जिले में परीक्षा केंद्र बनाया गया है। शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजन को लेकर जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर व्यावसायिक परीक्षा केंद्र जिले में नही होने से विद्यार्थियों को होने वाली दिक्कतों से अवगत कराते हुए परीक्षा केंद्र बनाने का निवेदन किया था जिस पर सीएम विष्णुदेव साय के निर्देश बाद जिले को परीक्षा केंद्र की सौगात मिली है। विक्रांत सिंह ने सीएम के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# मांगों को लेकर सीएचओ की हड़ताल शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो में पदस्थ कर्मचारी तीन सूत्रीय मांगो को लेकर अंबेडकर चौक मे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर काबिज हुए। प्रदेश में बीते 18 जून से जारी आंदोलन को और तेज होने की जानकारी देते हुए सीएचओ संघ जिला अध्यक्ष हेमंत साहू, उपाध्यक्ष भूमिका सिंहा, अंजलि चंदेल, चिरंजीव श्रीवास, चित्रलेखा टंडन, मनीषा वर्मा, प्रियंका वर्मा, आंचल साहू, तामेश्वरी वर्मा, लुमेश्वरी वर्मा, रिंकी वर्मा, तेजेश्वरी वर्मा सहित अन्य ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के लंबित कार्याधारित मानदेय का भुगतान, प्रत्येक माह के 15 तारीख के भीतर भुगतान करना सुनिश्चित करने, महिला स्वास्थ्य अधिकारियों की सुरक्षा को देखते हुए गृह जिले में स्थानांतरण के लिए छूट, मुख्यालय और निवास का दायरा 8 किलोमीटर की परिधि में करने सहित कांकेर जिला संयोजक पवन कुमार वर्मा की सेवा समाप्ति के आदेश को तत्काल निरस्त कर सेवा में बहाल करने के अलावा दोषी अधिकारियों के ऊपर तत्काल प्रभाव से नियमानुसार करने की मांग शामिल है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया की 18 से 20 जून तक ऑनलाइन रिपोर्टिंग का बहिष्कार करने के बाद भी मांग पूरी नहीं होने पर 21 जून से काम बंद कर दिया गया है।



### छग प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने दिया समर्थन

छग प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष हंसाराम वर्मा, जिला महामंत्री विनोद रावटे, जिला सचिव हरिओम शर्मा व संभागीय उपाध्यक्ष डीएन श्रीवास्तव ने सीएचओ की हड़ताल का समर्थन करते हुए कहा कि सीएचओ की समस्याओं पर सरकार को ध्यान देकर तत्काल निराकरण की पहल करनी चाहिए। देश के बहुत से प्रदेश में सीएचओ के पद को नियमित किया जा चुका है तथा पड़ोसी राज्य मप्र में उच्च स्तरीय वेतन दिया जा रहा है जबकि यहां वेतन साथ पीएलपी राशि जो माह के 15 दिन बाद ही देने का आदेश था वह भी नही जा रहा है। जिसका दुष्प्रभाव शासकीय कार्य सहित सबके सेहत पर भी पड़ रहा है। उन्होंने महिला सीएचओ की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए साय सरकार ने सीएचओ की मांगों को पूरा करने की अपील की है।

### सदगुरु कबीर साहेब की जयंती में शामिल हुए विस अध्यक्ष

# संत कबीर साहेब के सिद्धांत सदैव प्रासंगिक रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज ग्राम सुंदरा व सामुदायिक भवन नंदई में सदगुरू कबीर साहेब की जयंती महोत्सव में भाग लेते हुये कहा कि संत कबीर साहेब के सिद्धांत सभी के लिये सदैव प्रासंगिक रहने वाले है।



संत जी ने समाज को नई दिशा दी, वे जीवन भर कुरीतियों व दकियानूसी विचारों के खिलाफ एक क्रांतिकारी की भूमिका में अपनी अपनी बात बेबाक तरीके से कहते रहे हैं। संत कबीर जी की वजह से ही सामाजिक कुरीतियां दूर हुई, लोगों की जन चेतना जागृत हुई और समाज नवनिर्माण की ओर अग्रसर हुआ। भाजपा मीडिया सेल द्वारा विज्ञप्ति के अनुसार डॉ. सिंह ने आगे कहा कि समाज में सुधार की प्रक्रिया प्रारंभ से ही रही है। जब-जब समाज पर संकट आया, लोगों में चेतना की कमी हुई और सिद्धांतहीन विचारों ने स्थान लिया तब-तब भारत में अनेक संतो व महापुरुषों का जन्म हुआ और उन्होंने समाज को नयी दिशा दिखाई। कबीर साहेब के समय में भी समाजिक कुरीतियों का बोलबाला था, लोग व्यर्थ के पोंगा-पंथी में व्यस्त थे, पूरा समाज संकट के गंभीर दौर से गुजर रहा था। ऐसे संकट कालीन समय में संत कबीर जी का अवतरण हुआ और उन्होनें समाजिक कुरीतियों पर कड़े प्रहार करते हुये समाज को नयी दिशा दिखाई, जिससे समाज में नई क्रांति का जन्म हुआ, लोगों के विचार परिवर्तित हुये, हम नई दिशा की ओर अग्रसर हुये।

कबीर के सिद्धांत सदैव शास्वत रहेंगे, मानवता को उनकी देन को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। वे युगपुरूष थे, उन्होनें समाज को नई दिशा दी, उन्हे सन्मार्ग दिखाया। यह वर्तमान पीढ़ी संत कबीर की सदैव ऋणी रहेगी।

### उद्यानिकी विभाग मे कई योजनाओं तहत अनुदान

**खैरागढ़।** उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार की हितग्राही मूलक योजनाएं अनुदान पर संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के तहत किसान फल-सब्जी, मसाला, एग्रोफोरेस्ट्री और बांस मिशन जैसी गतिविधियों के लिए ऑनलाइन आवेदन भरकर अनुदान ले सकते है। आवेदन करने के दौरान किसानों को आवेदन मे अपना नाम, पता, संपर्क नंबर और योजना का नाम दर्ज करना होगा। आवेदन की अंतिम तिथि विभाग ने घोषित नहीं की है। अधिक जानकारी के लिए जिले के किसान विभागीय अधिकारियों सहायक संचालक उद्यान अधिकारी आरएन पाण्डेय 9425574545, वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी आरके मेहरा 6232644992, ग्राउवि अधिकारी संजय कुमार जांगड़े 6263162791, ग्राउवि अधिकारी जीवन कुमार साहू 9630389479, ग्राउवि अधिकारी डेनिश कुमार पात्रे 9399120330, प्रक्षेत्र सलाहकार अजय कुमार साहू 9981398633 और प्रक्षेत्र सलाहकार सतीश कौशिक 9827185969 से संपर्क कर सकते है।



**बैठक:** नगरीय क्षेत्र वार्डों का परिसीमन समय-सीमा में पूर्ण किए जाने दिए निर्देश

# कलेक्टर ने वार्ड परिसीमन किए जाने ली अधिकारियों की आवश्यक बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शनिवार को कलेक्टर जनमेजय महोबे ने अधिकारियों की बैठक लेकर वर्ष 2011 को जनगणना पश्चात नगरीय निकायों की जनसंख्या में हुई वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए नगरीय निकायों के वार्डों का परिसीमन समय सीमा पूर्ण किए जाने हेतु बैठक ली। शासन से प्राप्त निर्देशानुसार परिसीमन कार्य किए जाने हेतु समय सारिणी तैयार किया गया है। समय सारिणी अनुसार 18 जुलाई तक परिसीमन कार्य पूर्ण किया जाना है। जिला कलेक्टर श्री महोबे ने निर्दिष्ट अधिकारी व उनके सहायक अधिकारी नियुक्त कर दिया गया है तथा अधिकारियों की बैठक ली।

जिला कलेक्टर जनमेजय महोबे ने नगरीय निकायों के वार्डों के परिसीमन हेतु जारी समय-सारिणी के अनुसार जिले का आम निर्वाचन 2024-25 हेतु यथा आवश्यक वार्डों का परिसीमन की कार्यवाही के लिए परीक्षण कर अभिमत सहित प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु नगरीय निकाय हेतु निर्दिष्ट अधिकारी एवं उनके सहायक अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिसमें नगर पालिका परिषद कवर्धा के लिए अनुपम आशीष टोप्पो अनुविभागीय अधिकारी कवर्धा एवं सहायक अधिकारी के रूप में नरेश कुमार वर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी कवर्धा को शामिल किया गया है। इसी तरह नगर पालिका परिषद पण्डरिया हेतु संदीप ठाकुर अनुविभागीय अधिकारी पण्डरिया एवं सहायक अधिकारी सीएमओ पण्डरिया, नगर पंचायत पिपरिया एवं इंदौरी हेतु प्रमोद कुमार चंद्रवंशी तहसीलदार पिपरिया एवं सहायक अधिकारी सीएमओ पिपरिया एवं इंदौरी, नगर पंचायत पाण्डातराई हेतु सुनील कुमार सोनपिपरे तहसीलदार पाण्डातराई एवं सहायक अधिकारी सीएमओ पाण्डातराई, नगर पंचायत बोड़ला हेतु जयेश कंवर प्रभारी तहसीलदार बोड़ला एवं सहायक अधिकारी सीएमओ बोड़ला, नगर पंचायत सहसपुर लोहारा हेतु विवके गोहिया तहसीलदार सहसपुर लोहारा एवं सहायक अधिकारी सीएमओ सहसपुर लोहारा को नियुक्त किया गया है।

### वार्डों के परिसीमन के लिए समय-सारिणी



नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग रायपुर द्वारा वार्डों का परिसीमन किए जाने हेतु समय सारिणी तैयार की गई है जिसके अनुसार 18 जून को वार्डों का परिसीमन हेतु राजस्व अधिकारी का नाम निर्दिष्ट किया। 21 जून का परिसीमन की कार्यवाही हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किय गया है। इसी तरह 24 जून से 08 जुलाई तक नगर पालिका वार्डों का विस्तार नियम 1994 के नियम 6 के तहत सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव तैयार किया जाना है वहीं 09 से 15 जुलाई तक नगर पालिका वार्डों का विस्तार नियम 1994 के नियम 7 के तहत वार्डों की सीमा निर्धारण संबंधी निर्धारित प्रपत्र में प्रारंभिक प्रकाशन कर आपत्ति-सुझाव आमंत्रित किया जाना है एवं 18 जुलाई को जिला कलेक्टर द्वारा नियत अवधि में नागरिको से प्राप्त आपत्ति-सुझाव एवं उन पर अपना अभिमत सहित संपूर्ण प्रस्ताव राज्य शासन को प्रेषित किया जाएगा।



## हाई स्कूल कोलेगांव में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

देश-प्रदेश आधुनिकता के दौर में सुविधाओं के विस्तार के साथ ही साथ लोगों में कई प्रकार की बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं पर्यावरण दिनों-दिन प्रदूषित तथा तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। लोगों में तनाव के साथ डिप्रेशन की स्थिति भी बढ़ती जा रही है। इन समस्याओं में कुछ हद तक नियंत्रण पाने हेतु अनेक उपाय किए जा रहे है। प्रधानमंत्री द्वारा यूएनओ को दिए गए सुझाव के अनुपालन में 21 जून को विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसमें शरीर के लिए जितना भोजन जरूरी है इतना ही उत्तम स्वास्थ्य के लिए योगभ्यास विद्यार्थी के लिए संतुलित भोजन व व्यायाम आवश्यक है। जिसमें विश्व योग दिवस पर शासकीय हाई स्कूल कोलेगांव में जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंडरिया के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय योगाभ्यास का आयोजन किया गया। जिस पर ग्राम के योगाचार्य विजय साहू द्वारा शासकीय हाई स्कूल भवन में योग व प्राणायाम कराया गया। जिसमें सूक्ष्म व्यायाम , स्थूल व्यायाम, योग, आसन व प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। वहीं सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, हलासन, मकरासन प्राणायाम के अंतर्गत नाड़ी शोधन, भ्रस्तीका, कपाल भांति, अनुलोम-विलोम, उज्जई, भ्रामरी तथा उद्गीत का अभ्यास कराया गया, जिसमें जलनेति का प्रदर्शन व इसके लाभ को विस्तार सें बताया गया। इस दौरान प्राथमिक शाला प्रधान पाठक नारद साहू, शैक्षिक समन्वयक रामफल चंद्राकर, हाई स्कूल प्राचार्य सुकील साहू, बिसेन साहू सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थें। अंत में शाला प्राचार्य द्वारा सभी छात्र छात्राओं को अपने जीवन में योग को सम्मिलित करने का संकल्प दिलाया गया।

### कुण्डा मंडल को मिली निःशुल्क एंबुलेंस की सौगात, ग्रामीणों को मिलेगी सुविधा



**हरिभूमि कोलेगांव।** पंडरिया विधानसभा क्षेत्रांतर्गत पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा भावना जनसेवा द्वारा कुण्डा मंडल अंतर्गत ग्रामीणों एवं जन-जन की सेवा के लिए निःशुल्क एम्बुलेंस समर्पित किया। जिस पर भाजपा मंडल कुण्डा पहुंचने पर मण्डल कार्यकताओं द्वारा पूजा-अर्चना किया गया, वहीं कुण्डा मंडल में निःशुल्क एम्बुलेंस समर्पित करने पर विधायक श्रीमती भावना बोहरा का कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा कुण्डा मंडल अध्यक्ष मुकेश ठाकुर, विकास पाण्डेय, मनहरण साहू, सुमन गुप्ता, बालमुकुंद, गणेश सोलंकी, रमन खनूजा, निलेश गुप्ता, देवेंद्र चंद्रवंशी, राजू श्रीवास, मोहन चंद्राकर सहित कुण्डा मंडल के समस्त कार्यकर्ता व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

## एसटी, एससी अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने उप मुख्यमंत्री, सांसद व पंडरिया विधायक को सौंपा ज्ञापन

- पदोंन्नति में आरक्षण की बहाली उच्च न्यायलय के आदेश समाधान कारक नियम बनाए सरकार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

संगठन द्वारा पदोंन्नति में आरक्षण की बहाली को लेकर प्रदेश ब्यापी चरण बद्ध आंदोलन चलाया जा रहा है l 24 जून तक प्रथम चरण में समस्त विधायक सांसदों को ज्ञापन सौंपा जाना तय हुआ है, इसी क्रम में 20 जून को जिले के एसटी, एससी संगठन के जिला प्रतिनिधि मण्डल द्वारा विधायक कवर्धा एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सासंद संतोष पाण्डेय एवं विधायक पंडरिया श्रीमती भावना वोहरा के कवर्धा स्थित कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया।

प्रेस विज्ञप्ति जारी करते जिला अध्यक्ष आसकरण सिंह धुर्वे ने बताया कि प्रदेश में 2019 से बिना नियम रोस्टर के पदोंन्नति की प्रक्रिया जारी है l उच्च न्यायालय बिलासपुर में दायर विषयांकित याचिका प्रकरणों में पारित निर्णय 16 अप्रैल 2024 तथा छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम 2003 में संशोधन अधिसूचना 22 अक्टूबर 2019 एवं परिपत्र 30 अक्टूबर 2019 तथा न्यायालय द्वारा पारित आदेश 16 अप्रैल 2024 में स्पष्ट तौर पर हेड नोट पृष्ठ 52 में निर्णय देते हुए कहा है कि पदोन्नति में अनुसूचित जाति और जन जाति के आरक्षण नीति केवल सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विभिन्न आधिकारिक घोषणाओं में मात्रात्मक डेटा एकत्र करने के लिए निर्धारित मानदंडो के आधार पर और भारतीय संविधान के अनुच्छेद 16 (4 ए) और (4 बी) के तहत निहित प्रावधानों के आधार पर बनाई जा सकती है,l जारी छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग ने समस्त विभागाध्यक्ष को निर्देशित करते हुए पदोन्नति की प्रकिया को पूर्ण करने कहां है।



संविधान के जिस अनुच्छेद का उल्लेख किया है उनके मायने निम्नवत है अनुच्छेद 16 (4 ए) में राज्य सरकारें अनुसूचित जाति जन जाति के पक्ष में पदोन्नति के मामलों में आरक्षण के लिए कोई भी प्रावधान कर सकती है यदि राज्य की राय में राज्य के अधीन सेवाओं में उनका पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है। खंड (4 बी) में राज्यों को एक वर्ष से न भरी गई, आरक्षित रिक्तियां को अगले वर्ष या वर्षो में भरी जाने वाली रिक्तियों की एक अलग श्रेणी के रूप में मानने का अधिकार मिल गया। उक्त अनुच्छेद का पालन करते नियम बनाने समय सीमा निर्धारित किया है। संगठन ने सरकार को समाधान कारक नियम बनाकर पदोन्नति में आरक्षण देने मांग किया है उक्ताशय पर पत्राचार कर उचित नियम बनाने का भरोसा दिलाया।

उप मुख्यमंत्री ने 09 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के दिन आयोजित मेगा पालक सम्मेलन को अन्य तिथि में करने स्कूल शिक्षा विभाग से अतिशीघ्र संशोधित आदेश जारी कराने का विश्वास दिलाया, उक्त अवसर पर जिला अध्यक्ष आसकरण सिंह धुर्वे, शिवराम सिंह श्याम, रोहित कुमार धुर्वे, गौकरण आंनद, दिनेश कुमार बर्वे, मानकुंवर धूमकेति, कुसुमलता धुर्वे, रामबिलास पोर्ते, जागेश्वर धुर्वे, दिलीप धुर्वे, पुष्पराज सिंह धुर्वे, संतोष डेहरिया, तिहारी नेताम, गुलाब धुर्वे, हनुमंत करचाम व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

### भावना जनसेवा भाजपा मंडल इंदौरी में निःशुल्क एंबुलेंस सेवा संचालित



**हरिभूमि कवर्धा।** शुक्रवार को भाजपा मंडल इंदौरी में भावना जनसेवा द्वारा निःशुल्क एंबुलेंस सेवा प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सीताराम साहू ने कहा कि विधायक श्रीमती भावना बोहरा का यह निःशुल्क एंबुलेंस व विशेष प्रयास यें क्षेत्र की आम नागरिकों के लिए संजीवनी का काम करेगा। इस अवसर पर इंदौरी के मंडल अध्यक्ष नीलांबर चंद्राकर, विपीन तिवारी, विजय चंद्राकर, कृष्णा साहू, संजय निषाद, अनिल चंद्रवंशी सहित बूथ अध्यक्ष इंदल धृतलहरे, कन्हैया चंद्रवंशी, मनोहर सिन्हा, प्रताप रजक, संतोष आडले साथ ही साथ बिहारी साहू, रोहित मेरावी, बलराम साहू, भरत साहू, पुरुषोत्तम साहू, विधा गोस्वामी व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

### खबर संक्षेप

#### मरका में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना

**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं हायर सेकंडरी स्कूल मरका में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बच्चों एवं शिक्षकों ने योगाभ्यास किया बच्चों को योगाभ्यास के महत्व को समझाते हुए कहा गया कि योगाभ्यास करने से तन-मन शुद्ध एवं स्वस्थ रहता है, योग हमारे शरीर को रोगमुक्त करता है, मन में शांति आती है योग की परम्परा बहुत ही प्राचीन है जो ऋषि मुनियों के समय से चली आ रही है इसीलिए हमारे ऋषि -मुनि बहुत ही दीर्घायु होते थे। योग के महत्व को केवल भारत में ही नही बल्कि पूरा विश्व समझ रहा है। इसीलिए आज का दिन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित हुआ है। उक्त अवसर प्राचार्य संजय कैवर्त, शैक्षिक समन्वयक सनत तिवारी,व्याख्याता राजेश तिवारी, प्रधान पाठक गुप्ता राम कुंजाम, शिक्षक कौशल चंद्रवंशी व शिक्षक शिक्षिकाएं तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

#### विश्व योग दिवस पर वंनाचल के सभी स्कूलों में किया गया योगाभ्यास

**हरिभूमि चिल्फी।** वनांचल क्षेत्र के सभी प्राथमिक शालाओं एवं रेंगाखार मंडल में बाजार चौंक में युवाओ एवं बच्चों के साथ योगाभ्यास किया गया। वही प्राथमिक शाला महली घाट संकुल केन्द्र के अंतर्गत सभी स्कूलों में स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा योग दिवस को लेकर उत्सुकता देखने को मिली।

### पिपरिया जोन में एफएलएन प्रशिक्षण का द्वितीय चरण संपन्न



**हरिभूमि पिपरिया।** विकासखंड स्तरीय एफएलएन आधारित प्राथमिक शिक्षकों के प्रशिक्षण का आयोजन कवर्धा ब्लॉक को तीन जोन में विभक्त कर क्रमशः कवर्धा, पिपरिया व इंदौरी में किया जा रहा है प्रशिक्षण ब्लैंडेड मोड पांच दिवस ऑनलाइन व चार दिवस ऑफलाइन मोड में संपन्न हुआ। 19 से 22 जून तक श्री शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल बिरकोना में आयोजित एफएलएन के प्रथम चरण ऑफलाइन प्रशिक्षण में पिपरिया जोन के 58 प्राथमिक शिक्षकों को सम्मिलित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य विषय शिक्षक संदर्शिका, पाठ्य पुस्तक व अभ्यास पुस्तिका को मिलाते हुए कक्षा पहली से तीसरी तक के बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान हेतु दैनिक साप्ताहिक वार्षिक योजना के अनुरूप कार्य करते हुए, बच्चों के आकलन का रोड मैप भी डिजाइन किया गया है। मेरा सफर ट्रैकर एवं साप्ताहिक आकलन ट्रैकर के माध्यम से बच्चों को सीखने के लक्ष्य प्रतिफल को प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। इस प्रशिक्षण में 21वीं सदी के कौशल 6सी एवं शत-प्रतिशत बच्चों को सिखाने हेतु विषय मित्र, गली मित्र, पियर लर्निंग, ग्रुप लर्निंग का सिद्धांत नवाजतन के अंतर्गत दिया गया है। शिक्षकों के लिए इस प्रशिक्षण में सबसे आकर्षक एवं नई जानकारी ई-जादुई पिटारा रही। यह जादुई पिटारा क्या है इसका उपयोग कैसे करें, इसके महत्व एवं इससे बच्चों को कैसे लाभान्वित किया जा सकता है इसकी जानकारी इस प्रशिक्षण में दी गई। पुस्तकालय एवं बहुभाषी शिक्षण पर शिक्षकों को व्याख्यान दिए गए। पिपरिया जोन के समस्त शिक्षकों को एफएलएन प्रशिक्षण जिला स्रोत समूह के मास्टर ट्रेनर्स राजकिरण चंद्रवंशी, रवि किशोर सिन्हा, शिवप्रसाद पटेल द्वारा दिया जा रहा है। आगामी शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए अपने आप को तैयार करने हेतु सभी शिक्षक विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से, खेल आधारित शिक्षण पद्धति से बच्चों को स्कूल से कैसे जोड़े?, कैसे स्कूल में भय मुक्त वातावरण के साथ एक बेहतर आनंददायी वातावरण निर्मित हो? जो बच्चों के हित में हो ऐसे बहुत सारे विषयों पर प्रशिक्षण में चर्चा की जा रही है। प्रशिक्षण में समय-समय पर उपस्थित होकर कवर्धा सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अनिल केशरवानी, बीआरसी जलेश चंद्रवंशी ने प्रशिक्षण में शिक्षकों की शत प्रतिशत उपस्थिति, प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने, एवं प्रशिक्षण से संबंधित विभिन्न विषयों पर दिशा निर्देश दिए। यह प्रशिक्षण तीन चरणों में आयोजित होगा जिसके द्वितीय चरण के समापन अवसर पर हायर सेकंडरी बिरकोना के प्राचार्य कनक राम चंद्रवंशी उपस्थित थे।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सेहतमंद जीवन के साथ जल है तो कल है का दिया संदेश

## अमृत सरोवर के तट में ग्रामीणों ने सीखा सेहतमंद जीवन का गुण



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

करें योग रहे निरोग की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए स्वस्थ जीवन एवं सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले में निर्मित अमृत सरोवर के तट पर एवं अन्य स्थानों में जिले के वनांचल क्षेत्र से लेकर मैदानी क्षेत्र तक योग अभ्यास का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए स्वस्थ मानसिक एवं शारीरिक जीवन के गुण सीखे। योग अभ्यास के दौरान विभिन्न प्रकार के आसनों को बताते हुए उसके फायदे ग्रामीणों को बताए गए। इस दौरान आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए जल ही जीवन है एवं जल है तो कल है का संदेश प्रसारित किया गया।

ग्रामीणों को योग अभ्यास के दौरान बताया गया कि पर्यावरण संरक्षण नितांत आवश्यक है तथा जल संरक्षण करते हुए भविष्य के लिए पानी की आवश्यकता पर सभी का ज्ञानवर्धन किया गया। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बताया कि गत वर्ष मनरेगा योजना अंतर्गत निर्मित अमृत सरोवर के तट पर सामूहिक योग अभ्यास का कार्यक्रम हुआ था। इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्वस्थ जीवन एवं पर्यावरण संरक्षण के साथ जल है तो कल है का संदेश देते हुए योगाभ्यास का संचालन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं एवं पुरुषों ने भाग लेकर स्वस्थ जीवन का लाभ लेते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व को जाना।

#### मिशन अमृत सरोवर पर एक नजर

आजादी के 75वें अवसर पर भारत सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी परिपेक्ष में देश के प्रत्येक जिलों में कम से कम 75 जल स्रोतों का निर्माण करने के लिए मिशन अमृत सरोवर चलाया जा रहा है। एक ओर जहां अमृत सरोवर के बनने से जल संरक्षण के साथ जल संचय होकर भू-जल स्तर में वृद्धि होगी तो वही दूसरी ओर अमृत सरोवर को आजीविका के कार्य से जोड़ने की भी योजना है जिसमें स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा। प्रत्येक अमृत सरोवर कम से कम 1 एकड़ के क्षेत्र में निर्मित किया गया है, जिसमें 10000 घनमीटर जलभराव की क्षमता होगी। इस कार्य से ग्रामीणों को जल संरक्षण के साथ रोजगार के पर्याप्त अवसर मिल रहे हैं जो सही मायने में ग्रामीणों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रहा है। गत वर्ष महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना अंतर्गत 81 अमृत सरोवर का निर्माण किया गया है। इस कार्य में 4 लाख 20 हजार से अधिक मानव दिवस का रोजगार ग्रामीणों को मिला। वही चालू वित्त वर्ष में 22 नए अमृत सरोवर का निर्माण विभिन्न ग्राम पंचायतो में हो रहा है जिसमें 33 हजार से अधिक मानव दिवस का रोजगार अभी तक ग्रामीणों को मिला है।

## कापा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत ग्राम पंचायत कापा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर दिव्यांग जन सेवा समिति के अवाहन अध्यक्ष धनेश विश्वकर्मा द्वारा ग्राम पंचायत कापा मे सैंकडो छात्र छात्राओं व दिव्यांग-विकलांग सभी मिलकर योग किया। इस अवसर पर डॉ प्रेमचंद साहू नें संबोधन किया अगर हर रोज सबुह नियमित योग करते हैं तो हमे स्वस्थ शरीर व मन शांति मिलेगा। शरीर का ऊर्जा शक्ति बना रहेगा साथ ही साथ करों योग रहो निरोग का नारा व जन-जागरूक किया। इस दौरान युवा साथी डाकोर साहू, भिखू साहू, पेखन साहू, राजाराम साहू, टेसू यादव, रोहित साहू, हुमेश साहू, रवि साहू, लकेश्वर साहू, अरूण साहू, मिथलेश साहू, नेहरू साहू, चुम्मन साहू, यशवंत साहू, शेरसिंह विश्वकर्मा, नूतन साहू, पुनाराम साहू, डंकेश्वर साहू, गैदलाल साहू, डुमन विश्वकर्मा, मोहन साहू, खेमलाल साहू, भून्नू, खुशबू, इन्दू, जलेश्वरी, कविता व काव्या सहित ग्रामीण जन उपस्थित थें।

**पाठक सूचना**

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071